शुक्रवार
21 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अवैध संबंध का राज छुपाने के लिए सहेली ने करायी थी हत्या 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# गुजरात दंगा: नरोदा हिंसा मामले में माया कोडनानी, बाबू बजरंगी समेत सभी आरोपी बरी

- अहमदाबाद की विशेष अदालत में चल रही थी मामले पर सुनवाई
- हिंसा में 11 लोगों की मौत जबकि कई लोग घायल हो गए थे
- गृह मंत्री अमित शाह कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में हुए थे पेश



**एजेंसी/अहमदाबाद**

साल 2002 में गुजरात दंगे के दौरान नरोदा गांव में हुई हिंसा मामले में अदालत ने बाबू बजरंगी और माया कोडनानी समेत सभी 68 आरोपियों को बरी कर दिया है। अहमदाबाद की विशेष अदालत में इस मामले पर सुनवाई चल रही थी। माया कोडनानी गुजरात सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी साथ ही कई अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्री अमित शाह 2017 में कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में पेश हुए थे। बरी किए गए लोगों के वकील ने गुरुवार को अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा कि सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। बताते चलें कि माया कोडनानी को नरोदा पाटिया दंगों के मामले में भी दोषी ठहराया गया था जिसमें 97 लोगों की हत्या कर दी गई थी और उन्हें 28 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय से राहत मिल गई थी।

**2008 में एसआईटी को सौंपी गई थी केस:** 28 फरवरी को अहमदाबाद के नरोदा गांव में हुई घटना के 6 साल बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जांच एसआईटी को सौंपी गई थी। इस मामले की सुनवाई 2009 से शुरू हुई थी। मामले में 187 लोगों से पूछताछ हुई थी। जबकि 57 चश्मदीद के बयान भी दर्ज किए गए थे इस मामले में 13 साल से सुनवाई चल रही थी।




## कौन हैं माया कोडनानी?

माया कोडनानी का पूरा नाम माया सुरेंद्रकुमार कोडनानी है। वह पेशे से गाइनोकोलोजिस्ट हैं। राजनीति में प्रवेश के साथ ही उन्होंने पहली बार 1995 में निकाय चुनाव में लड़ा। इसके बाद वह गुजरात के 12वें विधानसभा चुनाव में नरोदा सीट से विधायक के तौर पर चुनी गईं। बाद में वह गुजरात सरकार में मंत्री भी रहीं। वर्ष 2002 में गुजरात दंगों में इनकी भूमिका के लिए निचली अदालत ने वर्ष 2012 में दोषी करार दिया था। इस मामले में बाद में उन्हें हाईकोर्ट से राहत मिल गई।

## 59 कारसेवकों की मौत के बाद भड़की थी हिंसा

27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से गुजरात पहुंची थी। गुजरात में एंट्री लेने के कुछ देर बाद वडोदरा के पास गोधरा में इस ट्रेन को घेरकर इसके एस-6 डिब्बे में आग लगा दी गई। यह डिब्बा कारसेवकों से भरा था जो अयोध्या से लौट रहे थे। आग लगने से 59 लोग मारे गए। इस आगजनी के एक दिन बाद गुजरात में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। गोधरा कांड के अगले दिन यानी कि 28 फरवरी को गोधरा में कर्फ्यू लगा दिया गया। सभी स्कूल, दुकानें और बाजार बंद कर दिए गए। भीड़ में शामिल लोगों ने हर किसी पर पथराव करना शुरू कर दिया। धीरे धीरे माहौल और खराब होता गया और पथराव के बाद आगजनी, तोड़फोड़ शुरू हो गई। इस दौरान 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। गोधरा में हुए सांप्रदायिक तनाव के बाद नरोदा पाटिया गांव में भी दंगे शुरू हो गए। इन दोनों इलाकों में इस सांप्रदायिक हिंसा के दौरान लगभग 97 लोगों की मौत हो गई थी। इस हिंसा के बाद पूरे राज्य में जगह-जगह पर दंगे हुए। भारत के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने 11 मई 2005 को गुजरात दंगों में मारे गए लोगों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर राज्यसभा में लिखित बताया था कि गुजरात में हुए दंगे में 790 मुसलमान और 254 हिंदू यानी कुल 1,044 लोग मारे गए थे। वहीं 223 लोग ऐसे थे जो उस वक्त तक लापता बताए गए थे जिन्हें बाद में मरा हुआ मान लिया गया था। इन 223 लापता लोगों को शामिल करने के बाद भारत सरकार की ओर से दिए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक गुजरात दंगों में कुल 1267 लोग मारे गए थे। हालांकि स्थानीय लोगों और कुछ गैर-सरकारी संगठन की माने तो दंगों में दो हजार से भी ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से नहीं मिली राहत



**सूरत।** मोदी सरनेम को लेकर दिए गए बयान पर मानहानि के मामले में दोषी करार दिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने कोई राहत नहीं दी है। इस मामले में जज रॉबिन मोघेरा की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। इसके मुताबिक राहुल गांधी को मिलने वाली 2 साल की सजा में उन्होंने कोई राहत नहीं दी है। अब राहुल गांधी को अपना पक्ष लेकर गुजरात हाईकोर्ट में जाना होगा। इसको लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कानून के तहत अभी भी हमारे पास जो भी विकल्प उपलब्ध हैं, हम उन सभी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे।

## खबरें फटाफट

### मुजफ्फरपुर में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बदमाशों ने लूटपाट के दौरान बुधवार की रात एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। अहियापुर थाना क्षेत्र के पटियासा चौक की घटना है। गेहूं गद्दीदार राजा बाबू उर्फ निलेश को गोली मारने के बाद बदमाश फरार हो गए। गंभीर हालत में इलाज के लिए स्थानीय दुकानदारों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां व्यापारी की मौत हो गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गेहूं कारोबारी राजा बाबू उर्फ निलेश के यहां दो की संख्या में बदमाश घुसे। दुकान में राजा बाबू के स्टाफ से बदमाशों ने हथियार दिखाकर करीब 10 हजार रुपये छीन लिए। हथियार के बल पर राजा बाबू उर्फ निलेश से बदमाशों ने कैश रखे गल्ले की चाबी मांगी। इस पर राजा बाबू ने विरोध किया तो बदमाशों ने गोली चला दी।

### जहरीली शराब से मौत मामले में नीतीश सरकार को नोटिस

**पटना।** मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत होने के बाद अब इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने नीतीश सरकार को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि बिहार में शराबबंदी लागू होने के बाद अवैध शराब की बिक्री पर रोक नहीं लग पाई है। यह शराब पर प्रतिबंध लगाने की अपनी नीति के क्रियान्वयन पर ध्यान नहीं देने का भी मामला है।

## सीएम ने राजगीर के पहाड़ी क्षेत्र में अगलगी की घटना का किया हवाई सर्वे

# अगलगी की घटना दुबारा न हो इसका विशेष ध्यान रखें: नीतीश

- नीतीश कुमार ने समीक्षा बैठक कर घटना के बारे में ली विस्तृत जानकारी
- बोले- राजगीर देश ही नहीं दुनिया का पौराणिक स्थल, यहां विकास के अनेक कार्य हुए हैं, इस प्रकार की घटना से सबकुछ बर्बाद हो जाएगा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजगीर के पहाड़ी क्षेत्र में हुई अगलगी की घटना का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में वैभारगिरि पर्वत के कुछ हिस्सों में पिछले दिनों हुई अगलगी की घटना को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वैभारगिरि पर्वत के अलग-अलग हिस्सों में हुई अगलगी की घटनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगलगी की घटना काफी दुखद है। इस प्रकार अगलगी की घटना यहां हमने पहले कभी नहीं सुनी थी। आग लगने की जानकारी मिलने पर मुझे काफी तकलीफ हुई है। राजगीर देश ही नहीं दुनिया का पौराणिक स्थल है। यहां विकास के अनेक कार्य कराए गए हैं। इस प्रकार की घटना से सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां के पर्वत आयुर्वेदिक दवाइयों एवं जड़ी बूटियों के लिए काफी प्रसिद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगलगी का क्या कारण है, इसकी वास्तविकता का पता लगाएं। यहां के पर्वत के ऊपर विभिन्न धर्मों का मंदिर है और कई तरह के लोग भी रहते हैं। ऊपर रहनेवाले पर्यटकों पर विशेष नजर रखें। इसके लिए यहां तैनात लोगों को अलर्ट रखें। अगलगी से जो क्षति पहुची है उसे ठीक कराने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस प्रकार की घटना दुबारा घटित न हो, इसकी विशेष रूप से निगरानी रखें। अगलगी की घटना पर रोक लगाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएं। आवश्यकतानुसार यदि कर्मियों की नियुक्ति करनी हो या सामग्री खरीद की जरूरत हो तो तत्काल इसका प्रस्ताव भेजकर पुख्ता तैयारी रखें एवं हर जरूरी कदम उठाएं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां हर प्रकार से काम किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्वत के ऊपर का कुछ हिस्सा केंद्र सरकार के अधीन है। आज कल केंद्र द्वारा कहीं कुछ नहीं किया जा रहा है। उस हिस्से को भी हमलोगों को अपनी तरफ से ही सुरक्षित रखना होगा। तत्काल जो भी जरूरतें हैं उस दिशा में निर्णय लें।



## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बुधवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर हरीश रावत ने बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार से मुलाकात कर राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत हुई है। अब, दोनों की मुलाकात को लेकर सियासी गलियारों में अटकलें तेज हो गईं हैं। उत्तराखंड के पूर्व सीएम से सवाल किया गया कि क्या कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें बिहार किसी स्पेशल मिशन पर भेजा है ? इस पर हरीश रावत ने किसी तरह की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रावत ने आगे कहा कि 'हम कोई संत नहीं हैं। जब राजनीतिक लोग मिलते हैं, तो राजनीति की बातें होनी तय है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेरे पुराने दोस्त हैं और वे नीतीश कुमार के अच्छे कार्यों की तारीफ करने पटना आए हैं। नीतीश अच्छा काम कर रहे हैं और यह सबकी जिम्मेदारी बनती हैं कि उनके कामों की सराहना करें।

# जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में ग्रेनेड अटैक से सेना के ट्रक में लगी आग, पांच जवान शहीद

**आतंकी हमला**

- पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली आतंकी हमले की जिम्मेदारी
- पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का समर्थित संगठन है पीएएफएफ

**एजेंसी/जम्मू**

जम्मू कश्मीर के पुंछ में गुरुवार को सेना की गाड़ी पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए. एक घायल जवान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इसे पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का समर्थित संगठन बताया जा रहा है। सेना की तरफ से देर शाम घटना को लेकर अधिकारिक बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि सेना के वाहन पर आतंकी हमला हुआ है। सेना की तरफ से कहा गया है कि बेर गली और पुंछ के बीच चल रहे सेना के वाहन पर भारी बारिश और कम विजिबिलिटी का फायदा उठाते हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की।

ऐसी आशंका जताई गई है कि आतंकवादियों की ओर से ग्रेनेड फेंकने के कारण वाहन में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर तीन बजे के करीब पुंछ जिले के भाटादूरिया इलाके में सेना के एक वाहन में आग लग गई थी। इसमें पांच जवान शहीद हुए और एक घायल हुआ था। उसके बाद पूरे इलाके को घेर कर सर्च आपॅरेशन चलाया गया। इस हमले के संबंध में सेना के प्रवक्ता की तरफ से कहा गया कि सेना की आरआर का वाहन बिंबर गली से पुंछ की तरफ जा रहा था। तीन बजे के करीब इलाके में उस पर आतंकी हमला हुआ। तेज बारिश का फायदा उठाकर आतंकियों ने इस वाहन पर फायरिंग की। उसके बाद ग्रेनेड भी फेंके गए। इससे जवानों को संभलने का मौका नहीं मिला। इससे वाहन में आग लग गई और वाहन में मौजूद छह जवान चपेट में आ गए। इसमें पांच मौके पर ही शहीद हो गए। एक घायल को इलाज के लिए राजौरी के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया गया कि यह वाहन इलाके में गश्त के लिए लगाया गया था। इस हमले के बाद पुलिस की तरफ से इस रूट को बंद करवा दिया गया है। लोगों को दूसरे रूट का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है।





### पीएएफएफ पहले भी दे चुका है हमले की धमकी

पीएएफएफ जम्मू कश्मीर में एक्टिव आतंकी संगठन है। पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट 2019 में जैश के प्रॉक्सी आउटफिट के तौर पर उभरा था। तभी से यह देशभर में विशेष रूप से जम्मू कश्मीर में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहा है। यह संगठन पहली बार 2019 में ही जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद सामने चर्चा में आया था। समय-समय पर सेना और सरकार को कई धमकियां भी दे चुका है। साल 2020 में संगठन ने वीडियो जारी कर कश्मीर में इजरायल की ओर से दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने पर धमकी दी थी।

## अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का क्राइम सीन हुआ रीक्रिएट, कई तथ्य सामने आए

# गोली चलाने की बात तो दूर पुलिस ने शूटर्स पर पिस्टल तक नहीं तानी

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

यूपी के माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का बृहस्पतिवार को क्राइम सीन रीक्रिएट किया गया। न्यायिक आयोग की टीम, एसआईटी और फॉरेंसिक टीम के साथ प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल पहुंची। जांच अधिकारियों ने ठीक उसी तरह पूरे क्राइम सीन क्रिएट किया जैसे अतीक और अशरफ को मौत के घाट उतारा गया था। अतीक और अशरफ बनकर दो शख्सों को लाया गया था, माफिया अतीक और उसका भाई अशरफ शूटआउट क्राइम सीन को रीक्रिएट करते हुए ठीक उसी तरह दोनों लोगों को पुलिस की गाड़ी से उतारकर अस्पताल के अंदर लाया गया, जैसे अतीक और अशरफ को लाया गया था। इसके बाद किस तरह से तीनों हमलावरों ने दोनों भाईयों को मौत के घाट उतारा इस एक-एक कड़ी को जोड़ा गया। इस पूरी वारदात से जुड़ी पांच अहम बातें सामने आई हैं।



### मर्डर केस से जुड़ीं पांच अहम बातें

1. अतीक और अशरफ दोनों को बेहद करीब से गोली मारी गई थी। पहली गोली अतीक को मारी गई थी।
2. वारदात के वक्त पुलिस ने बड़ी लापरवाही की थी। बेहद नजदीक होने के बावजूद पुलिस शूटर्स को भांप नहीं पाई।
3. पुलिस के किसी एक्शन से पहले ही शूटर्स ने अपनी पिस्टल जमीन पर फेंक कर हाथ खड़े कर दिए थे। यानी उन्होंने सरेंडर कर दिया था।
4. वारदात के बाद शूटर्स को उसी पुलिस जीप से कस्टडी में पुलिस लाइंस भेजा गया था, जिस जीप में अतीक व अशरफ को लाया गया था।
5. अतीक और अशरफ की हत्या के बाद शूटर्स ने ना तो भागने की कोशिश की और न ही पुलिस पर हमला करने की।

अतीक-अशरफ की हत्या के बाद पुलिस ने भी शूटर्स को सरेंडर करने का पूरा मौका दिया था। शूटर्स फायरिंग करते रहे, लेकिन पुलिस ने गोली चलाने की बात तो दूर उन पर पिस्टल तक नहीं तानी थी। वारदात के वक्त पुलिस अपनी जिम्मेदारी को ठीक से निभाते कतई नजर नहीं आई थी।

### औरंगाबाद में तीन घरों में लगी आग से तीन लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव में गुरुवार की दोपहर तीन घरों में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में तीन की मौत हो गई और तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए, तीनों को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया गया। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, मृतका की पहचान रीना देवी, गीता देवी और पूजा देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर सभी महिलाएं और बच्चे घर में सोए थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई।

# राजद से ज्यादा अपराधी देश की किसी पार्टी में नहीं: पीके

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पार्टी आरजेडी और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को लेकर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। पीके ने कहा कि आरजेडी से ज्यादा अपराध करने वाले और अपराधी देश की किसी पार्टी में नहीं हैं। गुरुवार को जन सुराज पदयात्रा के 201वें दिन की शुरुआत पीके ने वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत चक बफापुर बांन्थु पंचायत से की। प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के लोगों को मूर्ख समझा जाता है, लेकिन क्या तेजस्वी यादव मुझसे अच्छा इंग्लिश, फ्रेंच बोल सकते हैं? पीके ने कहा कि तेजस्वी को ना इंग्लिश आती है और ना ही ठीक से भोजपुरी आती है। उन्होंने जीवन में कुछ पढ़ा नहीं है और किसी भी विषय का कोई ज्ञान नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जनता तेजस्वी से रोजगार के बारे में पूछती है तो वो कहते हैं कि बीजेपी को रोको। ये काम करते नहीं हैं बस नए नए मुद्दों पर अपनी बात रख कर बहानेबाजी करते रहते हैं।

# भीषण गर्मी और लू के कारण बदला आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय

- निदेशक, आईसीडीएस ने जारी किया पत्र
- सुबह 7 से 10.30 तक होगा आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन



**केटी न्यूज/बक्सर**

पूरे राज्य में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लोग गर्म हवाओं से खुद को बचाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। जिला के अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, डायरिया, निर्जलीकरण आदि के मरीजों की संख्या में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है। जिला के आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को भी गर्मी और लू का दंश झेलना पड़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए निदेशक, आईसीडीएस, डॉ. कौशल किशोर ने सभी जिला पदाधिकारी को पत्र लिखकर अगले आदेश तक आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन की बात कही है।

निदेशक द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि जिला सहित राज्य भीषण गर्मी एवं लू की लगातार वृद्धि हो रही है। आगे के महीनो में अत्यधिक गर्मी एवं लू की स्थिति बने रहने की संभावना है. इससे आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए 20 अप्रैल से अगले आदेश तक आंगनबाड़ी केंद्र संचालन की अवधि प्रातः 7 बजे से 10.30 बजे तक की जाती है।

**लू और बढ़ते तापमान से रखें स्वयं को सुरक्षित :** मौसम के प्रकोप को देखते हुए सावधानी बरतना ही समझदारी है। जहां तक हो सके घर में रहें। बाहर निकलने की स्थिति में चेहरा, हाथ आदि को ढंक कर निकलने का प्रयास करें और खाली पेट कभी भी नहीं निकलें। मौसमी रसदार फलों और हरी सब्जियों को नियमित आहार में शामिल करें और ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें। हीट स्ट्रोक जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल चिकित्सक से मिलें और ओआरएस का सेवन करें।

### ये हैं आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली सेवाएं

- बच्चों के लिए शालापूर्व शिक्षा
- नमित लाभार्थियों के बीच टीएचआर का वितरण
- बच्चों का टीकाकरण एवं उनके पोषण का ध्यान
- कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर त्वरित कार्यवाही
- नमित बच्चों के लिए मेन्यू के अनुसार पौष्टिक आहार की उपलब्धता
- नमित लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच

## एक नजर

### मिली सफलता: अरैला गांव से बुधवार की रात पकड़ा गया शातिर चोर



**आरा।** भोजपुर की पवना थाने की पुलिस द्वारा बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग के एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके घर से चोरी के लाखों रुपये के मूल्य के सामान और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार शातिर पवना थाना क्षेत्र के अरैला गांव निवासी मो. मोहर्रम का पुत्र बिस्मिल्ला उर्फ नूरहसन है। बुधवार की रात उसे उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। उसके घर से चोरी के इलेक्ट्रिक बैंजो, इलेक्ट्रिक कुकर, सीसीटीवी कैमरा, लेदर जैकेट, इन्वर्टर, एक डिब्बा चिलम, इमरजेंसी लाइट, बीस मीटर बिजली का तार, तौलिया और पर्दा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। चोरी की एक बाइक भी बरामद की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल की रात पवना पुराने पेट्रोल पंप के समीप स्थित एक नवनिर्मित मकान से लाखों के सामान चोरी की गयी थी। उसे लेकर गृहस्वामी अलग निरंजन की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद सामानों की बरामदगी को लेकर एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी सहयोग और लोकल इनपुट के आधार पर बिस्मिल्ला उर्फ नूरहसन को चिन्हित किया गया। उसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात उसे घर से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से चोरी के काफी सामान और एक बाइक बरामद की गयी। एसपी के अनुसार गिरफ्तार बिस्मिल्ला उर्फ नूरहसन पहले से भी चोरी में आरोपित रहा है। नगर थाने में उसके खिलाफ पिछले साल चोरी का केस हुआ था। उस मामले में उसे गिरफ्तार भी किया गया था। उस समय भी उसके पास से चोरी का कुछ सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है अलख निरंजन का पवना पुराने पेट्रोल पंप के सामने दो मंजिला मकान बना है। उस मकान में प्लास्टर का काम चल रहा था। परिवार के सभी लोग आरा में रहते हैं। 14 अप्रैल की रात भी उनके घर के सभी लोग आरा थे। ऐसे में पवना का उनका घर बंद था। तभी चोरों ने घर का ताला तोड़ सारा सामान चोरी कर लिया था।?

### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया

**जहानाबाद।** विदित हो कि एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के द्वारा हर महीने कुछ गतिविधियां चलाई जाती है। इसी श्रृंखला में जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय मकपा गांव के निवासियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एएन शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। यदि हम अपने आप को और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे तो हम विभिन्न बीमारियों से दूर रह सकेंगे और जीवन को बेहतर तरीके से जी पाएंगे। जीवन की प्रत्येक चुनौती का डटकर सामना कर पाएंगे एवं जीवन को सफल बना पाएंगे। उक्त अभियान में विद्यालय के स्काउट- गाइड के कैडेट्स ने बड़े रोचक तरीके से गांव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों से अवगत कराया। नुकड़ नाटक के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मच्छर, मक्खी तथा पानी की गंदगी से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया, जबकि घर -घर जाकर स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं ने लोगों को स्वच्छ रहें-स्वस्थ रहें हेतु प्रेरित किया।



### भाई की शादी का कार्ड बांट कर घर लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कौड़िया हाल्ट के समीप गुरुवार की दोपहर चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। बड़े भाई की शादी का कार्ड बांट कर लौटने के दौरान वह ट्रेन से गिर पड़ा। मृत युवक बिहिया थाना क्षेत्र के कुंअरदह गांव निवासी लाल बहादुर सिंह का 26 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार सिंह था। वह जॉब की तैयारी करता था। उसके बड़े पिता रामेश्वर सिंह कटेया पंचायत के सरपंच हैं। घटना को लेकर देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। सरपंच सरपंच रामेश्वर सिंह ने बताया कि रोहित के बड़े भाई राहुल सिंह की शादी तय हुई है। इसी माह के 29 तारीख को तिलक और दो मई को बारात है। उसी सिलसिले में रोहित कार्ड बांटने गजराजगंज ओपी क्षेत्र के नवादा बेन गांव गया था। दोपहर में कार्ड बांट कर वह ट्रेन से वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान हादसा हो गया। इधर, हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। बड़े भाई की शादी से पहले छोटे की अर्थी निकलने से गांव में मातम का माहोल है। जिस घर में दोपहर तक बड़े बेटे की शादी की तैयारी चल रही थी। वहां अचानक छोटे की अर्थी बनने लगी थी। उससे घर में रोना धोना मच गया था। महिलाओं की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा था। बताया जाता है कि रोहित चार भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सरिता देवी, भाई राहुल सिंह, जैकी कुमार और बबलू कुमार है। बेटे के वियोग में मां सरिता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### डीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

**बक्सर।** जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा गंगा के घाटों यथा अहिरौली घाट, सती घाट, गोला घाट, नाथ बाबा घाट होते हुए जेल घाट तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुक्ति धाम (शवदाह गृह) निर्माण योजना के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर ने बताया कि इस कार्य हेतु निविदा हो चुकी है। जिला पदाधिकारी महोदय ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को निर्देश दिया कि निविदा प्राप्त करने वाली कार्यकारी एजेंसी से समन्वय स्थापित कर जल्द ही कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। घाटों के निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया कि सभी घाटों के संबंध में विकासात्मक विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए प्रतिवेदन दें। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर को घाटों की नियमित रूप से सफाई करने, लाइटिंग की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा नियमित रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।



# दहेज में बाइक नहीं मिली तो विवाहिता को मार डाला



- कोईलवर थाने के धनडीहा गांव की बुधवार की रात की घटना
- पुलिस ने विवाहिता की सास व ससुर को किया गिरफ्तार
- शादी की पहली सालगिरह भी पूरी नहीं हुई और पति ने गला घोंट ले ली जान

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में फिर एक विवाहिता दहेज की बलि चढ़ गयी। कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव में बुधवार की देर रात विवाहिता को मार डाला गया। दहेज में बाइक नहीं मिलने पर पति द्वारा शादी की पहली सालगिरह पूरी होने के पहले ही उसका गला घोंट दिया गया। मृत विवाहिता धनडीहा गांव निवासी विकास कुमार की 22 वर्षीया पत्नी अमृता कुमारी थी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाहिता की सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।



अमृता कुमारी जहानाबाद के हुलासगंज थाना क्षेत्र के प्राण बिगहा गांव निवासी कमलेश चौधरी की पुत्री थी। उसकी मौसी मीना देवी ने बताया कि अमृता की शादी पिछले साल आठ जून को कोइलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव निवासी गणेश चौधरी के पुत्र विकास कुमार के साथ हुई थी। शादी के छह माह के बाद ही उसके पति और ससुराल वालों द्वारा बाइक की मांग की जाने लगी थी। उसे लेकर उसे अक्सर प्रताड़ित भी किया जा रहा था और मारपीट की जाती थी। पांच दिन पूर्व भी उसके पति और ससुराल वालों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी।

उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व फोन से बात हुई थी, तब उसने मारपीट करने की जानकारी दी थी। इसी बीच बुधवार की देर रात उसके ससुर गणेश चौधरी द्वारा फोन कर सूचना दी गयी कि अमृता की मौत हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल धनडीहा गांव पहुंचे, तो देखा कि अमृता का शव जमीन पर पड़ा है। पुलिस द्वारा अमृता के ससुर गणेश चौधरी और सास को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका पति फरार हो गया है। अमृता की मौसी मीना देवी द्वारा उसके पति विकास कुमार, ससुर गणेश चौधरी और सास पर लाठी-डंडों से गला घोंटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

### आयरन से दाग किशोरी की हत्या मामले का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

# अवैध संबंध का राज छुपाने के लिए सहेली ने करायी थी हत्या

- दोनों आरोपितों का किशोरी की सहेली से था अवैध संबंध
- गलत करते किशोरी ने देखा तो राज छुपाने को सहेली ने रच डाली हत्या की साजिश
- सहेली और मां से पूछताछ के बाद पकड़े गए दो आरोपित तो खुल गया पूरा राज

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के तीयर गांव में स्कूली छात्रा अंशु को गर्म आयरन से दाग हत्या करने का खुलासा हो गया है। छात्रा की हत्या करने वाले दो मुख्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों की निशानदेही पर छात्रा को दागने में इस्तेमाल किया गया आयरन भी बरामद कर लिया गया है। अवैध संबंध का राज छुपाने को छात्रा की सहेली द्वारा ही उसकी हत्या करायी गयी थी।

गिरफ्तार आरोपितों में तीयर गांव निवासी फागू यादव का पुत्र नीतीश कुमार व वीरा यादव का पुत्र नीतीश कुमार शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया और हत्या कांड का पूरा राज भी खोल दिया है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को हत्या की घटना सामने आने के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी और कांड का उद्भेदन करने के लिए एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम की लगातार दबिश के कारण मुख्य आरोपित तीयर गांव निवासी कमलेश गिरी की पत्नी दुर्गा देवी और उसकी पुत्री खुशी कुमारी द्वारा 11 अप्रैल को सरेंडर कर दिया गया था। उसके बाद दोनों से पूछताछ की गयी। उसमें गांव के ही दोनों नीतीश कुमार का नाम सामने आया। उसके आधार पर बुधवार की रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों से पूछताछ की गयी, तो हत्याकांड का पूरा सच सामने आ गया। उन्होंने बताया कि कांड की हर कड़ी की जांच की जा रही है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। कहा कि आरोपितों को कठोर सजा दिलाई जाएगी। उसके लिए सभी साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। टीम में तीयर थानाध्यक्ष थानेदार आशीष सहित अन्य थानेदारों और डीआईयू के अफसर शामिल थे।

### पहले घोंटा किशोरी का गला, फिर गर्म आयरन से दागा



अवैध संबंध का राज छुपाने को खुशी कुमारी द्वारा सहेली अंशु की हत्या की फुलप्रूफ तैयारी की गयी थी। उसे लेकर उसने पांच मार्च को अपने दोनों दोस्तों को अपने घर बुला लिया था। उसके बाद स्कूल से लौट रही अंशु को बहला-फुसलाकर किसी तरह अपने घर ले गयी। वहां तीनों ने पहले अंशु का गला घोंटा। उसके बाद किरासन छिड़का और बाद में गर्म आयरन से उसे जगह-जगह दाग दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी अंशु की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गयी थी।गिरफ्तार दोनों आरोपितों से पूछताछ करने के बाद एसपी द्वारा यह जानकारी दी गयी। एसपी के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि उनकी खुशी कुमारी के साथ अवैध संबंध था। उस बात की जानकारी अंशु कुमारी को थी। उसने कुछ गलत करते देख लिया था। उससे खुशी को अपना राज खुलने का डर था। उसे लेकर खुशी कुमारी द्वारा अंशु की हत्या करने की प्लानिंग रची गयी थी। उसके तहत पांच मार्च की दोपहर खुशी किसी तरह अंशु को अपने घर ले गयी। वहां खुशी कुमारी के साथ मिलकर दोनों ने पहले अंशु का गला घोंटा। उसके बाद किरासन छिड़क जलाने की कोशिश की गयी। उसमें सफलता नहीं मिली, तब गर्म आयरन से उसके शरीर को जगह-जगह दाग दिया। उसके बाद उसे घर में बंद कर सभी वहां से भाग गये। हालांकि एसपी द्वारा बताया गया कि फॉरेंसिक और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आयेगी।

**घर में बंद कर दी गयी थी छात्रा को यातना, छठवें दिन हुई थी मौत:** बताया जा रहा है कि तीयर गांव निवासी छठी की छात्रा अंशु कुमारी पांच मार्च को स्कूल गयी थी। घर लौटते समय उसकी सहेली खुशी कुमारी उसे बहला कर अपने घर ले गयी। वहां उसे घर बंद कर यातना दी गयी थी। कहा गया कि मारपीट के बाद उसे गर्म रॉड या आयरन से दागा गया था। किरोसिन छिडक जलाने की कोशिश की गयी। दिया गया था। गर्म आयरन से भी दाग दिया गया था। उसके बाद आरोपित घर बंद कर फरार हो गये थे। काफी देर बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन की, तो उसे पारस गिरी के घर से झुलसी और बेहोशी की हालत में पाया गया था। उसके बाद इलाज के लिए उसे पटना ले जाया गया था। उस बीच 11 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। तब गांव में जमकर बवाल मचा था।

## खेलने गए बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव से एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक युवक द्वारा उसे गांव के विद्यालय में ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया गया। घटना के बाद बालक की हालत गंभीर हो गई। इसके बाद बालक घर पर पहुंच उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुंच आरोपी युवक की मां को हिरासत में ले लिया है। जबकि आरोपित मौके से फरार हो गया है इसके बाद पुलिस द्वारा पीड़ित बालक को मेडिकल जांच के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया और उसका मेडिकल जांच कराया गया। पीड़ित बच्चे के पिता ने बताया कि वह बुधवार को गांव में स्थित स्कूल में पढ़ने गया था। स्कूल से पढ़कर वह दोपहर में घर लौटा। उसके बाद अपनी बहन और अन्य बच्चों के साथ खेलने के लिए स्कूल की तरफ चला गया। तभी गांव के ही मुकेश मिश्रा वहां आया और उसे मिठाई देने के बहाने उसे अपने साथ स्कूल में ले गया। जहां स्कूल में ले जाने के बाद उसके साथ आपप्रकृति यौनाचार किया। जब वह अपनी बहन के साथ घर लौटा तो उसने इसकी जानकारी हम लोगो को दी। जिसके बाद हम लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर बच्चे का मेडिकल जांच कराने आए शाहपुर थाना के एएसआई जय बाबू राय ने बताया कि बच्चे के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा अप्राकृतिक यौनाचार की घटना को अंजाम दिया।

# भोजपुर में पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट का बीच-बचाव करने पर टाइल्स दुकान में फायरिंग

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो सहयोगी नगर में बदमाशों ने गुरुवार की रात जमकर उत्पात मचाया। बाइक सवार बदमाशों द्वारा पहले तो पेट्रोल के पैसे मांगने पर एक नोजल कर्मी के साथ मारपीट की गयी। उसके बाद बीच बचाव करने पर बगल में स्थित टाइल्स की दुकान पर फायरिंग कर दी गयी। दो से तीन राउंड फायरिंग करने की बात कही जा रही है। उसमें दुकानदार और एक ग्राहक तो बाल-बाल बच गया, लेकिन दुकान के शीशे चकनाचूर हो गये। घटना के बदमाश आधे घंटे तक रहे। उसके बाद हथियार लहराते भाग गये। मारपीट में पेट्रोल पंप का नोजल कर्मी जख्मी हो गया। वह चांदी थाना क्षेत्र के जहनपुर गांव निवासी कृष्णा कुमार सिंह का पुत्र 44 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार यादव है। टाइल्स की दुकान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहूला निवासी विशाल कुमार की है। फायरिंग की घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी मच गयी। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और छानबीन शुरू कर दी गयी है। वहीं पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। उसके जरिए पुलिस बदमाशों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है।

**अपराधी पेट्रोल पंप पर भरवाने आये थे पेट्रोल :** टाइल्स दुकानदार विशाल कुमार ने बताया कि बाइक सवार तीन अपराधी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आये थे। बाइक सवारों द्वारा 60 रुपए का पेट्रोल लिया था। पेट्रोल देने के बाद नोजल कर्मी ने पैसे मांगे, तो बदमाश उसकी पिटाई करने लगे। तब अपनी जान बचाने को लेकर वह भागकर पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गया। इसके बाद भी अपराधी नहीं माने और उसे कार्यालय से बाहर खींचकर मारपीट की गयी। उसके बाद वह किसी तरह भागकर वह उनकी दुकान में आया और बोला कि भईया बचा लीजिए। मालिक और मेरे परिवार वाले को फोन कीजिए। तभी अपराधी उसके पीछे भागते हुए मेरे दुकान के बाहर गए और ताबड़तोड़ दो राउंड फायरिंग की गयी। उसमें वह और दुकान उनकी दुकान में बैठे एक कस्टमर बाल-बाल बच गए। उसने पीछे के कमरे में छुप कर जान बचायी। हालांकि दुकान का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद बदमाशों ने तीसरे राउंड फायरिंग की, तो गोली फंस गई। उसके बाद आधे घंटे तक अपराधी मेरे दुकान के बाहर उसका इंतजार करते रहे। इसके बाद बाइक पर बैठकर हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

### मरीजों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने में जुटी हैं रश्मि

# टीबी चैंपियन रश्मि टीबी मरीजों के जीवन के संघर्षों को कर रही आसान

**केटी न्यूज/गया**

विश्व के नामचीन हस्तियों में शामिल और माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का कहना है कि अगर आप सफल होना चाहते हो तो आपको अपने काम में एकाग्रता लानी होगी। इसी सोच के साथ प्रखंड क्षेत्र की गोपालकेड़ा पंचायत स्थित टंडवा खड़गपुर निवासी रश्मि रंजन टीबी चैंपियन के रूप में लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक कर रही हैं। टीबी मरीजों के बीच उनके स्वास्थ्य की नियमित रूप से जानकारी लेना, समय पर दवा सेवन करने, पौष्टिक आहार लेने, व्यायाम करने, नशापान आदि से दूर रहने आदि की सलाह देती हैं। सामाजिक भेदभाव नहीं रखने के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता लाने के साथ-साथ मरीजों को मानसिक तौर पर सशक्त कर रही हैं। रश्मि की कोशिशों का असर है कि टीबी मरीज अपनी जिंदगी को सकारात्मक तरीके से बदल रहे हैं।



**टीबी मरीजों के संघर्ष को समझने का मिला मौका:** रश्मि बताती हैं कि वर्ष 2017 में वह भी टीबी रोग का शिकार हुई थी। रोग के लक्षणों की तुरंत पहचान करते हुए उनके परिवार वालों ने उनका इलाज कराया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, लेकिन अपने स्वस्थ होने के बाद उन्होंने दूसरे टीबी मरीजों के जीवन के संघर्ष के बारे में सोचा। उनके जीवन में सामाजिक अलगाव और मानसिक रूप से नकारात्मक रहने की परिस्थिति को जाना समझा। इस लंबे समय के मंथन के बाद उन्हें यह लगा कि दूसरे टीबी मरीजों के जीवन को बदलने की उनकी एक कोशिश होनी चाहिए। इसमें रश्मि के पति का साथ मिला ओर अब वह रश्मि टीबी मुक्ति वाहिनी की सदस्य हैं। बीते दो सालों से वह टीबी चैंपियन के रूप में टीबी मरीजों की काउंसलिंग कर रही हैं। टीबी मरीजों के लिए वह निश्चय पोषण योजन की जानकारी तथा लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रियाओं को पूरा कराने, टीबी मरीजों की एचआईवी जांच करवाने आदि का काम भी करवाती हैं।

**टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव नहीं करें:** रश्मि बताती हैं जब उन्हें टीबी हुआ था तब घर के लोग रोग की चर्चा अन्य लोगों से नहीं करना चाहते थे। वह जानते थे कि इसकी जानकारी मिलने पर लोग उनके घर आना जाना बंद कर देंगे। इसका आभास रश्मि को भी हुआ था। इसलिए उन्होंने इसे एक सामाजिक भेदभाव के रूप में महसूस किया। रश्मि ने इसे गंभीरता से लिया और अब टीबी मरीजों के रिश्तेदारों और ग्रामीणों को रोगी से सामाजिक भेदभाव नहीं करने के प्रति जागरूक करती हैं। वह टीबी मरीजों के लिए जानकारी से जुड़ी पेंटिंग आदि भी तैयार करती हैं। रश्मि रोजाना अपने घर के काम निबटा कर क्षेत्र भ्रमण के लिए जाती हैं। बाराचट्टी के अलावा डोभी, फतेहपुर, टनकुप्पा ओर मोहनपुर प्रखंडों में भी जाकर टीबी मरीजों से मिल आवश्यक सेवाओं व सुविधाएं मुहैया कराने में मदद करती हैं।

## खबरें फटाफट

### 60 हजार के गेंहू की फसल काटने का मामला दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकट मौजा के खलिहान से 60 हजार कीमत के गेंहू की फसल काटकर रातोंरात आरोपियों द्वारा घर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में डुमरांव के झगरू लोहार गली के रहने वाले विजय कुमार सोनार ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर सुरौंधा गांव निवासी रासबिहारी यादव और बीरेंद्र कुमार पर आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिये गये आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि रात्रि पहर दोनों आरोपी हथियारों से लैस होकर हार्वेस्टर के माध्यम से मेरे खेत मे लगे गेंहू की फसल को काटकर अपने घर लेते चले गये, जिसकी कीमत 60 हजार रुपये बतायी जाती है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### अपराध की योजना बनाता युवक गिरफ्तार, तमंचा व कातूस बरामद

**धनसोई।** धनसोई थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के चिरैयाटांड़ पुल के पास से बुधवार की रात्रि एक अपराधी को अपराध की योजना बनाते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देशी तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार युवक वीरेंद्र सिंह इसी थाना क्षेत्र के भीखमडेरा गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार वह रात में किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहा था। इसी दौरान रात्रि गश्ती कर रही धनसोई थाने की नजर उस पर पड़ गई। पुलिस ने जब उसे रोक तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। धनसोई थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे गुरूवार को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस उसे जेल भेजने के साथ ही उसके अपराधिक रिकार्ड को खंगाल रही है।

# शांतिपूर्वक मनाएं ईद का पर्व, उपद्रव करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

♦ डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने ईद पर विधि-व्यवस्था को लेकर की बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**



गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने ईद-उल-फितर पर विधि-व्यवस्था को लेकर बैठक की। समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में हुई बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए डीएम व एसपी ने लोगों से शांतिपूर्ण व सदभावना के माहौल में ईद उल फितर मनाने की अपील की और बताया कि उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईद पर्व 2023 के सफल संचालन एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु 112 स्टैटिक को-ऑडिनेटर/पुलिस पदाधिकारी, 24 सेक्टर दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी, 04 गश्ती दल दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी एवं 15 सुरक्षित दण्डाधिकारी/को-ऑडिनेटर/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ब्रीफिंग में सभी प्रतिनियुक्त को-ऑडिनेटरों, दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर 22 अप्रैल को प्रातः 05.30 बजे से अगले दिन स्थिति सामान्य होने तक बने रहेंगे तथा सभी प्रकार की निरोधात्मक कार्रवाई करेंगे।

वही बक्सर तथा डुमरांव के एसडीओ तथा एसडीपीओ को अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण कर इस बात की जानकारी लेना है कि सभी पदाधिकारी व कर्मी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मौजूद हैं कि नहीं। अनुपस्थित दंडाधिकारियों व कर्मियों की सूचना देने का निर्देश भी दिया गया। वही सभी वितन्तु स्टेशनों को कार्यरत रहने तथा समय से सूचनाओं के आदान प्रदान करने का निदेश देने को कहा गया। बक्सर तथा डुमरांव में दंगा निरोधक दस्ता को भी तैयार रहने को कहा गया है। इसके अलावे स्वास्थ विभाग को सभी अस्पतालों में जरूरी दवाईयों व एबुंलेंस तैयार रखने को कहा गया है।

**नगर परिषद प्रशासन को साफ सफाई का दिया गया निर्देश:** डीएम एसपी ने बक्सर तथा डुमरांव नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पर्व के अवसर पर अपने-अपने नगर परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र में मस्जिदों एवं ईदगाहों पर साफ-सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने को कहा गया।

**क्यूआरटी का किया गया है गठन:** किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्वीक रिस्पांस टीम ( क्यूआरटी ) का गठन किया गया है। क्यूआरटी में प्रतिनियुक्त को-ऑडिनेटर, दण्डाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिला नियंत्रण कक्ष या अन्य स्त्रोत से सूचना प्राप्त होते ही संबंधित स्थल पर पहुँच कर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे एवं इसकी सूचना डीएम को देंगे। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमराँव को निदेश दिया गया कि उक्त क्यूआरटी के अतिरिक्त अनुमण्डल स्तर पर क्यूआरटी का गठन करना सुनिश्चित करेंगे।

**आपदा शाखा में बनाया गया जिला नियंत्रण कक्ष:** विधि-व्यवस्था संधारण के लिए समाहरणालय परिसर स्थित आपदा शाखा को जिला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06183-22333 है। जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभार में वरीय उप समाहर्ता रश्मि सिन्हा, (मो0 9599169418) एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक पूनम कुमारी (मो0 8544428509, 7654530177) की प्रतिनियुक्ति की गई है। दोनों अनुमंडलों के एसडीओ को साइबर सेनानी ग्रुप व सोसल मीडिया पर नजर रखने तथा सभी थानाध्यक्षों को जरूरत के हिसाब से अपने स्तर से भी पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है।

## चंदन हत्याकांड : नाबालिग प्रेमिका समेत दो गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद

# लव ट्रांयगल में गई चंदन की जान नाबालिग प्रेमिका ने मारी थी गोली

♦ हत्याकांड का उद्भेदन पुलिस ने मात्र 72 घंटे में ही कर दिया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

18 अप्रैल को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में हुए 20 वर्षीय शक्तिविजय सिंह उर्फ चंदन सिंह हत्याकांड का उद्भेदन पुलिस ने मात्र 72 घंटे में ही कर दिया है। चंदन की हत्या किसी फिल्मी पटकथा जैसी है तथा लव ट्रांयगल में उसकी जान गई है। पुलिस ने उसके सीने में गोली उतारने वाली उसके गांव की ही नाबालिग प्रेमिका तथा उसे गोली मारने के लिए उकसाने वाले उसके नये प्रेमी को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर लिया है। गुरूवार को एसपी मनीष कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। नाबालिग आरोपित को बाल सुधारगृह पटना जबकि युवक को औरंगाबाद भेजा गया है।





**फिल्मी पटकथा सरीखी है चंदन की हत्या:** अरियांव के अमरेश सिंह के 20 वर्षीय पुत्र शक्ति विजय सिंह उर्फ चंदन सिंह की हत्या फिल्मी पटकथा जैसी है। एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि चंदन का गांव की ही एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी दौरान किशोरी के दूर के रिश्तेदार व इसी थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज निवासी अंकित कुमार सिंह से भी अफेयर चलने लगा। चंदन ने एक बार दोनों को बाइक पर साथ घुमते भी देख लिया था। इसके बाद से वह लगातार किशोरी पर उससे दूर रहने का दबाव बना रहा था। इधर उसका नया प्रेमी शातिर निकला। उसने अपनी प्रेमिका के कंधे पर बंदूक रख चंदन को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। इसके तहत उसने पहले किशोरी को पिस्टल चलाने सिखाया और बाद में पिस्टल तथा गोली दे चंदन को मारने के लिए उकसाया। बताया जाता है कि वह पिछले पांच छह दिनों से अपने स्कूल बैग में पिस्टल लेकर स्कूल आ जा रही थी। इसी दौरान मंगलवार को सुबह चंदन ने एक बार फिर से उसका रास्ता रोका तो किशोरी ने उसे रास्ते से हटाने के लिए बैग से पिस्ट निकाल उसके सीने में गोली उतार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**जांच में हुआ खुलासा, परिजनों का आरोप निकला निराधार:** बता दें कि मंगलवार को ही चंदन के पिता अमरेश सिंह ने इस मामले में गांव के ही राम प्रवेश यादव के पुत्र आशीष यादव, आनंद यादव के साथ टुड़ीगंज के अंकित कुमार सिंह पर अपने बेटे की गोली मार हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। इधर पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया था। एसपी मनीष कुमार ने इस हत्याकांड के उदभेदन के लिए डुमरांव इंस्पेक्टर विमल दास के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसमें कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार और डीआईयू की टीम को शामिल किया गया था। टीम की मॉनिटरिंग खुद एसपी कर रहे थे। इस टीम को मुखबिरों तथा तकनीकी साधानों से चंदन के प्रेमिका और अंकित के बारे में जानकारी मिला। जिसके बाद पुलिस ने किशोरी को गिरफ्तार किया तो उसने चंदन को गोली मारने की बात स्वीकारी। उसके निशानदेही पर पुलिस ने उसके स्कूल बैग से पिस्टल भी बरामद कर लिया तथा टुड़ीगंज से अंकित को भी पकड़ने में सफल रही।

### देर तक घटना स्थल पर खड़ी थी किशोरी, स्कूल भी गई

वहीं सूत्रों की मानें तो चंदन को गोली मारने के बा किशोरी देर तक आस पास में ही खड़ी रही। जब परिजन उसे लेकर अस्पताल गए तब वह अपने स्कूल गई तथा स्कूल बंद होने के बाद घर आई। उसने अपने परिजनों को भी इस घटना की जानकारी नहीं दी थी।

शक्ति विजय सिंह उर्फ चंदन की हत्या प्रेम त्रिकोणीय प्रेम में हुई है। उसके गांव के ही एक किशोरी जिससे इसका पूर्व में प्रेम प्रसंग चल रहा था ने उसे गोली मारी है। गोली मारने वाली किशोरी तथा उसे उकसाने वाले उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिस्टल भी बरामद हो गई है।
**- मनीष कुमार**, एसपी बक्सर

## एक नजर

### सप्ताहिक जांच के तहत पंचायतों में पहुंचे अधिकारी, कई जगहों पर मिलीं खामियां

**डुमरांव।** डीएम के निर्देश पर गुरूवार को सप्ताहिक जांच के तहत अधिकारियों की टीमों ने विभिन्न पंचायतों में पहुंच सरकारी योजनाओं के सतही स्थिति, स्वास्थ सुविधाओं, खाद्यान्न वितरण आदि की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ कुमार पंकज मुंगाव पंचायत में जांच किए। जांच के बाद एसडीओ ने पंचायतों में चल रही योजनाओं को संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस पंचायत में नल जल योजना तथा नाली गली का निर्माण में में कोई खामी नजर नहीं आई। जबकि पंचायत सरकार भवन के संचालन में कुछ खामियां पाई गई। एसडीओ ने बाताया कि प्रोपर वे में न तो कर्मी थे और न ही सभी कार्य संचालित हो रहे थे। जिसे अंकित किया गया है और सुधार का निर्देश दिया गया है। एसडीओ ने कहा कि पंचायत के चार जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच भी की गई। कुछ पीडीएस संचालकों की अनियमितता सामने आई है। उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाएगा और संतोषजनक जबाव नहीं देने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उनके साथ डीपीआरओ बिनोद कुमार भी मौजूद थे। वही डुमरांव डीसीएलआर गिरिजेश कुमार ने कोरानसराय पंचायत का जांच किया। उनके जांच के दौरान कोरानसराय पशु अस्पताल में ताला लटका था। जबकि उप स्वास्थ केन्द्र सहित अन्य जगहों पर स्थिति संतोष जनक थी। डीसीएलआर ने बताया कि पशु अस्पताल में ताला बंद होने की जानकारी डीएम को दी जाएगी। वही दूसरी तरफ पशु अस्पताल के टीवीओ डा शंभू शरण सिंह ने कहा कि वे जिला मुख्यायल पर मीटिंग में भाग लेने गए थे। जिससे अस्पताल में ताला बंद था।

### वेद प्रकाश पांडेय बोले... लोजपा रामविलास ने डुमरांव विधानसभा सीट पर ठोका अपना दावा

**डुमरांव।** गुरूवार को लोजपा रामविलास के सभी प्रकोष्ठों के संगठन समीक्षा सह संगठन विस्तार व डुमराँव विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि युवा लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष बेद प्रकाश पांडेय मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष द्वारा उन्हें चांदी का मुकुट, अंगवस्त्र व 51 किलो के फूल माला से स्वागत किया गया। संचालन युवा जिलाध्यक्ष ओमजी मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन एससी एसटी जिलाध्यक्ष अरूण पासवान ने किया। अपने संबोधन में बेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि डुमराँव मे आज संगठन समीक्षा बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निर्देश पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि बक्सर में लोजपा का संगठन बिहार के अन्य जिलो के अपेक्षा काफी मजबूत है। अखिलेश सिंह डुमराँव से पार्टी के सिबंल पर चुनाव लड़ थे। 2025 में पार्टी हर हाल में डुमरांव विधान सभा से चुनाव लड़ेगी। मौके पर ओमजी मिश्र, अरूण पासवान, ठाकुर भानुशंकर सिंह, नौशाद आलम, तुफान राज, गिरदावल राजभर, मिकू राय, संजीव राय, मंजु द्विवेदी, सचिन्द्र कुमार दुबे, पपु पासवान, जनार्दन पासवान, विवेक पाण्डेय उर्फ गोलु, संजय कुमार पासवान, गडु चौबे, विजय तिवारी, पवन कुमार पासवान, प्रशांत सिंह, मनीष तुफान, चंदन, मनोज कुमार सिंह, तिवारी, गौरव तिवारी, सुनिल बारी, प्रह्लाद मिश्र, अनिल सिंह, दिनु सिंह, रिंकू पांडेय, बिकास भगत, मनोज पासवान, विजय बहादुर सिंह, शिवजी सिंह, भोला बाबा, सुरेन्द्र उपाध्याय, गोल्डी दुबे, मुकुंद बारी, छोटेलाल पासवान, शिव जी पासवान, सुदर्शन राम, नंदलाल बारी, सुरेन्द्र राम, विक्की पासवान, पपु पासवान, विक्रमा पासवान, जानकी पासवान, कृष्णा पासवान आदि हजारो कार्यकर्ता शामिल हुए।

### शांति समिति की बैठक में ओपीध्यक्ष ने की अपील किसी के बहकावे में न आएं, मिलकर मनाएं ईद

**नावानगर।** ईद पर्व को लेकर गुरुवार को सोनवर्षा ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के अलावा दोनों समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में ईद पर्व मनाने की अपील किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों व आम लोगों से पर्व में खलल डालने वाले शरारती तत्व के लोगों को चिन्हित कर तत्काल सूचना ओपी में देने की अपील किया। इसके लिए ओपीध्यक्ष ने सभी लोगों को सरकारी एवं निजी दूरभाष नम्बर उपलब्ध कराया गया। उन्होंने लोगों से किसी के बहकावे में नहीं आने तथा आपस में मिल जुलकर ईद मनाने की अपील की। जिससे की ईद का पर्व यादगार बनाया जा सके। बैठक में कलामुद्दीन अंसारी, अजमेर खां, बीडीसी अजय गुप्ता, मृत्युंजय ओझा, रामाकांत सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, समेत अन्य थे।

### केसठ पीएचसी में बना लू वार्ड

**केसठ।** प्रचंड गर्मी से निजात पाने के लिए स्वस्थ विभाग ने भी अपनी कमर कस ली है। राज्य स्वास्थ्य समिति और जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बना 2 बेड का विशेष लू वार्ड बना है। लू वार्ड बन जाने से यदि कोई भी मरीज लू की चपेट में आता है तो उसे तुरंत ही लू वार्ड में दाखिल कर दिया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने बताया कि इस भीषण गर्मी से लड़ने के लिए पीएचसी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया की इस दो बेड वाले लू वार्ड में तापमान को कम करने के लिए हर विशेष सुविधा उपलब्ध को कई है जिसमें थमार्मीटर, कूलर सहित अन्य सुविधा है। वही पीएचसी में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि लू से बचने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी, ओआरएस, नींबू पानी का सेवन करना चाहिए। डा विनय ने कहा कि जिन लोगों को सिर में तेज दर्द, तेज बुखार, उल्टी, तेज सास लेना, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना या बेहोश होना आदि लू लगने के लक्षण है तो उन्हें तत्काल इलाज के लिए पीएचसी में लाए।

# बहन के घर जा रही महिला ट्रेन की चपेट में आयी, मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप एक बुजुर्ग महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक महिला अपने बहन से मिलने रेलवे ट्रैक के रास्ते महरौरा गांव जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह, रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी महिला को तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत की हो गयी। मृतका की पहचान भोजपुर जिला के शाहपुर निवासी 68 वर्षीय स्वर्गीय सरल राम की पत्नी पार्वती देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच मातम पसर गया। मिली जानकारी के अनुसार महिला की बहन महरौरा गांव में रहती है। वह डुमरांव स्टेशन पर ट्रेन से उतर बहन के घर जाने के लिए रेलवे ट्रैक के सहारे जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आकर पश्चिमी गुमटी से करीब सौ मीटर की दूरी पर गिर पड़ी।

# कड़सर गांव में जमीन विवाद में सौतेले भाई ने बड़े भाई पर धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के कड़सर गांव में जमीन विवाद को लेकर सौतेले भाई ने अपने बड़े भाई पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया है। घटना गुरूवार की है। जानकारी के अनुसार आरोपी अशोक दूबे ने धारदार हथियार से वार कर अपने बड़े भाई श्रीदयाल दूबे को गंभीर रुप से जख्मी कर दिया है। जख्मी वृद्ध को उनके परिजन इलाज के लिए आरा ले गए, साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दिए। सूचना पर पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले अशोक दूबे व उनकी पत्नी इंदु देवी को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि अशोक दूबे नावल्द हैं। श्रीदयाल दूबे के पुत्रों ने नावल्द दंपति की सेवा सुश्रुसा करने का वादा कर उनके हिस्से की जमीन लिखवा लिया है। एक वर्ष तक सबकुछ सामान्य था। पर इसके बाद श्रीदयाल दूबे के पुत्रों ने अपने वादे के अनुसार अब दंपति की सेवा सुश्रुसा नहीं कर रहे हैं। जिससे क्रोधित हो दंपती ने ऐसा कदम उठाया है। इस संबंध में ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि जख्मी का बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।



इधर जख्मी बुजुर्ग के रिश्तेदार ने बताया कि सिदयाल दुबे ने बताया कि उनकी नातिन गुरुवार की दोपहर ट्यूशन पढ़ने गई थी और उसने घर का दरवाजा खुला छोड़ दिया था। इसी बीच उनका चचेरा भाई अशोक उनके घर में घुस गया और बिना कुछ बोले उन पर धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

## हंगामेदार रही चौसा नगर पंचायत के वाहन स्टैंड और मछली बाजार की नीलामी, पूरे दिन बनी रही गहमागहमी

# 12.15 लाख में जीप स्टैंड तो 5.20 लाख में नीलाम हुआ मछली बाजार

♦ लोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी पर भेदभाव मनमानी करने का आरोप लगाया

**केटी न्यूज/चौसा**

गुरूवार को नवगठित चौसा नगर पंचायत के दो सैरातो की नीलामी की गई। नीलामी हंगामेदार रही और लोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी पर भेदभाव मनमानी करने का आरोप लगाया। बावजूद वाहन स्टैंड व सब्जी मंडी की नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार वाहन स्टैंड के लिए 12 लाख 15 हजार में वही मछली बाजार की 5 लाख 20 हजार की अंतिम बोली लगी थी। हालांकि कुछ लोगों ने इस प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए डीएम से शिकायत करने की बात कही। नगर पंचायत चौसा में दो सैरात जीप व टेम्पों स्टैंड और सब्जी व मछली बाजार की बन्दोबस्ती होनी थी। जिसमें कई लोग भाग लेने पहुंचे थे। निर्धारित समय पर नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान काफी हंगामा भी हुआ तथा कई लोगों ने प्रक्रिया को दोषपूर्ण भी बताया। नीलामी में शामिल विशाल कुमार ने कार्यपालक पदाधिकारी पर आरोप लगाया गया कि राशि जमा कराने के बाद भी बोली में भाग नहीं लेने दिया गया।



उन्होंने कहा कि सिर्फ चहेतों के बीच बंद कमरे में नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई है। जबकि अश्विनी कुमार वर्मा ने भी नीलामी प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन दिया है। अश्विनी ने डीएम को दिए ज्ञापन में इस नीलामी को रदद् करने की मांग की है। जबकि कई अन्य लोगों ने समय से सूचना प्रकाशन नहीं करने का आरोप भी लगाया। वही ईओ प्रेम स्वरूपम ने बताया कि दोनों सैरातों की बन्दोबस्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

यह नीलामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बस, ट्रक, टीपर, ट्रैक्टर इत्यादि सभी प्रकार के छोटे बड़े भाड़े पर यात्री वाहन से वसूली हेतु बंदोबस्ती 12 लाख 15 हजार में तथा चौसा नगर पंचायत अंतर्गत सभी सब्जी, फल एवं मछली बाजार की बंदोबस्ती 5 लाख 20 हजार में की गई है। उन्होंने नीलामी को पारदर्शी तरीके से पूरा करने की बात कही है। नीलामी में सभापति किरण देवी व सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सरिता देवी, ललिता देवी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# पहली बार 1885 में हुआ था नगर पंचायत का गठन, हाथ उठाकर चुने जाते थे चेयरमैन

♦ 2 नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों में बांसडीह का हमेशा स रहा अलग इतिहास

**केटी न्यूज/बलिया**





निकाय चुनाव 2023 को लेकर जिला प्रशासन ने भले ही कमर कस ली हो, लेकिन सभी पार्टियों ने अभी तक पूर्ण रूप से प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। बलिया जिला के नगर पंचायत की जिक्र हो तो इतिहासकारों के अनुसार बांसडीह नगर पंचायत का गठन देश की आजादी से बहुत पहले 1885 में ही हो गया था। ऐसे में यहां अंग्रेज प्रशासक रहे, और उक्त नगर पंचायत का 1925 में पहला चुनाव हुआ था, जिसे नोटिफाइड एरिया का नाम दिया गया था। जिले में 2 नगर पालिका और 10 नगर पंचायतों के अपेक्षाकृत बांसडीह का इतिहास हमेशा से अलग रहा है। इतिहासकार बताते हैं कि बांसडीह नगर पंचायत जब अपना जनप्रतिनिधि देने लायक हुआ, तब 1925 के चुनाव के दौरान दो प्रत्याशी बाबू गोविंद प्रसाद सिंह एवं चंद्रशेखर प्रसाद सिंह चुनावी मैदान में उतरे थे। जिसमें गोविंद प्रसाद सिंह पहले चेयरमैन चुने गए। कार्यकाल की बात करें तो नगर पंचायत दो साल का ही होता था।

**हाथ उठाकर चुने जाते थे चेयरमैन :** 1925 में नगर पंचायत बांसडीह का चुनावी तरीका बहुत आसान था। मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रत्याशी के साथ - साथ जनता आती थी। वहीं हाथ खड़ा कराकर जिसके पक्ष में ज्यादा हाथ लोगों का उठता था उन्हे चेयरमैन चुन लिया जाता था। 1925 का कार्यकाल पूरा होते ही 1927 में चेयरमैन का कार्यकाल दो वर्ष से बढ़ाकर कर तीन वर्ष का कर दिया गया। पुनः बाबू गोविंद प्रसाद सिंह व चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के बीच में चुनाव हुआ उस दौरान पुनः बाबू गोविंद प्रसाद सिंह चुनाव जीतने के बाद चेयरमैन हुए । 1930 में गोविंद प्रसाद सिंह की मृत्यु हुई। चंद्रशेखर प्रसाद सिंह को निर्विरोध चैयरमैन चुन लिया गया। वजह कि उस समय गोविंद प्रसाद सिंह के परिवार से कोई खड़ा नहीं हुआ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह का कार्यकाल 1933 तक चला।

**1933 से बैलट पेपर से होने लगा चुनाव :** 1933 से हस्तनिर्मित बैलेट पेपर से चुनाव होने लगा। जिसमें 1933 से 1952 तक ठाकुर बैजनाथ सिंह चेयरमैन रहे। 1952 से 1961 तक वीर विक्रम सिंह उर्फ टुन जी चेयरमैन रहे। 1952 के बाद से चेयरमैन का कार्यकाल 5 साल का हो गया। 1961 में वीर विक्रम सिंह की मृत्यु के पश्चात फिर नगर पंचायत की जनता ने ठाकुर बैजनाथ सिंह को निर्विरोध अपना चेयरमैन चुन लिया वहीं 1967 में फिर ठाकुर बैजनाथ सिंह क्षेत्र के विधायक भी चुन लिए गये। बीच मे ही पद खाली होते ही नगर वार्ड कमेटी द्वारा चंद्रिका पांडेय को वाइस चेयरमैन चुना गया।

**अब तक का इतिहास :** 1971 में विजयपाल सिंह नगर के चेयरमैन बने और 1977 तक रहे उनका कार्यकाल 7 वर्ष का रहा क्योंकि 1975 में इमरजेंसी लागू होने के चलते चुनाव नहीं हो पाया इसलिए डेढ़ वर्ष कार्यकाल और बढ़ा दिया गया फिर सरकार ने पूरे प्रदेश में 17 वर्षों तक नगर पंचायतों का चुनाव नही कराया। उसके बाद फिर चुनाव शुरू हुआ और संजय कुमार सिंह मुन्ना चेयरमैन बने और 1994 फरवरी तक चेयरमैन रहे फिर 1 साल चुनाव नहीं हुआ और 1995 नवंबर में पुनः चुनाव हुआ जिसमें श्रीमती शकुंतला देवी महिला चेयरमैन बनी जिनका कार्यकाल 2000 तक रहा उसके बाद 2001 में स्वर्गीय नंदलाल सिंह चेयरमैन बने फिर 2006 में धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना चेयरमैन बने फिर 2011 में श्रीमती मनोरमा सिंह चेयरमैन बनी और चार महीने बाद उनकी मृत्यु हो गई। जिससे 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमे सुनील कुमार सिंह बब्लू चैयरमैन बने और 2017 तक रहे। निवर्तमान में रेणु सिंह चैयरमैन है।

## चिकित्साधिकारी और स्वास्थ्य लिपिक को कारण बताओ नोटिस

**बलिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयंत कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोनबरसा का औचक निरीक्षण किया और अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यवस्था देख भड़क उठे। सीएमओ ने मातहतों को चेतावनी दिया। अस्पताल में काफी दिनों से खराब पड़े ऑक्सीजन प्लांट व अन्य कक्षों का सीएमओ ने मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. पीके सिंह, लिपिक मोहम्मद हयात अनुपस्थित मिलें। दोनों को सीएमओ ने कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। केमिकल के अभाव में वर्षों से बंद पड़ी सीबीसी जांच मशीन को देख सीएमओ बिफर पड़े और तत्काल केमिकल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। अस्पताल में एचआईवी जांच किट न होने पर भी सीएमओ ने नाराजगी जताई और तत्काल एचआईवी किट मंगवाने का निर्देश दिया।साथ ही आवश्यक दवाओं की सूची मुख्य फार्मासिस्ट से तलब की। अस्पताल में गंदगी देख सीएमओ ने सफाई कर्मी को कहा दो टूक भविष्य में गंदगी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने बताया कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं की पड़ताल चल रही है। इसी क्रम में अस्पताल का निरीक्षण किया गया।

### आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक

# ईद-उल-फितर को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने में करें सहयोग : जिलाधिकारी

♦ प्रशासन ने की कोई भी नई परंपरा की शुरूआत नहीं करने की अपील

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा बिजली, पानी की अनवरत उपलब्धता, त्योहारों के दौरान विशेष साफ-सफाई, टूटे-फूटे रास्तों की मरम्मत, नालों की सफाई, मेला स्थलों पर मेडिकल टीम की तैनाती के साथ ही एंबुलेंस सेवा तथा प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में रखने की बात उठाई गई। जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए त्योहारों को शांति एवं सौहार्द को ढंग से मनाने में सहयोग करने को कहा। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को कोई भी नई परंपरा की शुरूआत करने से मना किया एवं त्योहारों को परंपरागत ढंग से ही मनाने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी तरह के आयोजन ना करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों पर पैनी नजर रखने को कहा, साथ ही शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। भीषण गर्मी के माहौल में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग को अग्निशमन गाड़ियों को तैयार रखने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को विशेष निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने त्योहारों के दौरान विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**समिति के सदस्यों को आगामी त्योहारों की दी बधाई :** जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी त्योहारों के दौरान आपके सहयोग से सारे त्यौहार सकुशल ढंग से संपन्न हुए हैं। आगे भी आपसे अपेक्षा है कि आपका सहयोग मिलेगा। उन्होंने उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को आगामी त्योहारों की बधाई भी दी। बैठक के दौरान अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने उपस्थित सदस्यों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने को कहा। साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों को बाजारों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना होने पाए। उन्होंने अन्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का हल कराने को कहा। पुलिस अधीक्षक ने भी कोई भी नई परंपरा शुरू न करने के निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। सभी को आगामी त्योहारों के लिए शुभकामनाएं भी दी।

### अफवाह फैलाने वालों से रहें सचेत

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नगर में घूमने वाले प्रतिबंधित जानवरों को त्योहारों के दौरान सुरक्षित बाड़ों में ही रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को विद्युत आपूर्ति की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों से सचेत रहने को कहा। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों को भड़काऊ बयान न देने के साथ ही किसी की भी भावना को आहत पहुंचाने वाली बातों से दूर रहने को कहा।उन्होंने त्योहारों के दौरान करोना के बढ़ रहे मामलों के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग करने के साथ ही कोई लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की भी सलाह दी।

## रेल एसपी ने जीआरपी थाने का किया निरीक्षण

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश सिंह रेलवे अनुभाग गोरखपुर के द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जीआरपी थाने के समस्त अभिलेखो और सभी 80 रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के रख रखाव अच्छा पाया तथा समस्त सरकारी मालो का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश दिया। शस्त्रों के संचालन की बारी-बारी से परीक्षण कराया। जिसमें उपनिरीक्षक व हेडकॉन्स्टेबल को शस्त्रों को खोलने व जोड़ने से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिये। थाने साफ सफाई से एसपी संतुष्ट नजर आये। उन्होंने मेस को भी देखा, जहां कर्मचारियों के आवास की साफ सफाई और अच्छे ढंग से कराने को कहा। उन्होंने थाने के समीप चल रहे निमार्णाधीन मालखाना के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रेलवे के पेशकार जगदम्बा दूबे तथा स्टेनो ज्ञान प्रकाश वर्मा व थानाध्यक्ष जीआरपी दिनेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक श्यामजी यादव हे.मु. थाना जीआरपी आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे। रेलवे स्टेशन बलिया के समस्त प्लेटफार्म का भ्रमणकर जायजा लिया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सौंपी गयी जिम्मेदारी में शिथिलता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लम्बित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।



## पीजी कॉलेज में 21 से भरे जाएंगे प्रवेश फार्म

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सभी विषयों में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फार्म 21 अप्रैल 2023 से भरे जाएंगे। उक्त सूचना देते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में आगामी सत्रः 2023-24 में प्रवेश लेने के लिए प्रतीक्षारत छात्र- छात्राएं अपना प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर की वेबसाइट : www.pgcghazipur.ac.in पर लाग इन कर 21 अप्रैल से भर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा फार्म भरने के लिए बेवसाइट 21 अप्रैल 2023 से 20 जून 2023 तक खुली रहेगी। प्रोफेसर पांडेय ने बताया कि छात्र-छात्राएं चयनित विषय में एडमिशन लेने के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा फार्म भरने के उपरांत प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क भी कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से ही आनलाइन जमा करेंगें। आनलाइन आवेदन करने वाले सभी छात्र- छात्राओं को प्रवेश फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं रहेगी। छात्र -छत्राओं को ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने में किसी भी तरह की तकनीकी समस्या की दशा में समस्या समाधान के लिए कार्यालय अवधि में महाविद्यालय कार्यालय में आकर या वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड, प्रवेश परीक्षा तिथि, प्रवेश परीक्षा परिणाम, काउन्सलिंग आदि सूचनाए आवश्यकतानुसार समय-समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी।



## नियमित टीकाकरण के बेहतर मैनेजमेंट के लिए सम्मानित हुए डॉ. एसके मिश्रा व प्रवीण उपाध्याय

**गाजीपुर।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत ई विन प्रशिक्षण कार्यशाला लखनऊ में यूएनडीपी के सहयोग से 17 से 20 अप्रैल तक किया गया। इस कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा ने प्रतिभाग किया। जिसमें विभिन्न पर विस्तार से अभिमुखीकरण प्रदान किया गया। साथ ही इस कार्यशाला में यूएनडीपी के प्रवीण उपाध्याय भी शामिल रहे। वर्कशॉप में वैक्सीन मैनेजमेंट एवं कोविड बीमारी प्रबंधन एवं वैक्सीन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जनपद के अधिकारी भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडी एनएचएम अपर्णा यू के द्वारा किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बेहतर कार्य करने वाले जिले के प्रबंधकों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि नियमित टीकाकरण को लेकर वैक्सीन की मैनेजमेंट किए जाने के साथ ही इन दिनों बढ़ रहे कोविड-19 के मामले को देखते हुए लखनऊ में वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। जहां पर एनएचएम एमडी अपर्णा यू के द्वारा कई तरह के निर्देश दिए गए। इस दौरान बेहतर मैनेजमेंट को लेकर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस के मिश्रा एवं प्रवीण उपाध्याय को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीजी वेलफेयर डॉ. रेनू श्रीवास्तव, एडी प्रतिरक्षण डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. अजय गुप्ता, जीएमआरआई डॉ. मनोज शुक्ला और यूएनडीपी के अधिकारी मौजूद रहे।



## एंबुलेंस के धक्के से बुजुर्ग की मौत, घर में मातम

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के मुहम्मदाबाद- चितबड़ागांव मार्ग पर कबीरपुर गांव के पास गुरुवार को एम्बुलेंस के धक्के से शिवनाथ चौहान (70) निवासी ग्राम मुहम्मदपुर की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार को मुहम्मदपुर गांव निवासी शिवनाथ चौहान साइकिल पर सवार होकर अपने रिश्तेदार से मिलने के बाद मुहम्मदाबाद चितबडागांव मार्ग से होते हुए घर वापस लौट रहे थे। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव पंहुचते ही बलिया की तरफ से आ रही एम्बुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दिया। चोट लगने से बुजुर्ग सड़क किनारे लुढक गया। टक्कर की आवाज सुन आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचित करते हुए निकट के डाक्टर के पास ले गए।

## उम्र छिपाकर लड़ा चुनाव, गई प्रधानी

**केटी न्यूज/बलिया**

अपनी उम्र को छुपाना ग्राम प्रधान हरिपुर क्षेत्र पंचायत गड़वार बलिया शिवांगी को महंगा पड़ गया है। उप जिलाधिकारी सदर बलिया के न्यायालय ने अपने यहां योजित चुनाव याचिका अंतर्गत धारा 12(ग) पंचायत राज अधिनियम उत्तर प्रदेश पंचायत राज निर्वाचन विवाद निपटारा नियमावली 1994 द्वारा बहक विपक्षी प्रतिवदिनी संख्या 1 शिवांगी (ग्राम प्रधान हरिपुर) के चुनाव परिणाम को शून्य घोषित कर दिया है। इस आदेश के बाद शिवांगी की प्रधानी स्वतः ही समाप्त हो गयी है। इस आदेश के बाद ग्राम सभा हरिपुर में एक बार फिर से राजनैतिक सरगर्मी तेज हो गयी है।

**क्या है पूरा मामला:** बता दे कि सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के द्वारा हुए ग्राम प्रधान हरिपुर के चुनाव परिणाम के खिलाफ चुनाव हारने वाली प्रत्याशी सविता पत्नी अजय निवासिनी हरिपुर ने न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर बलिया के न्यायालय में एक चुनाव याचिका दायर कर शिवांगी के चुनाव परिणाम को निरस्त करने की मांग की गयी थी। आरोप लगाया गया था कि जिस दिन शिवांगी ने प्रधान पद के लिये पर्चा भरा था। उस दिन उनकी आयु आवश्यक आयु 21 वर्ष से कम थी। जिसके कारण इनका अभ्यर्थन ही रद्द होना चाहिए था, जो नहीं हुआ था। आरोप की पुष्टि के लिये सविता देवी ने शिवांगी के 2019 में दिये गये हाई स्कूल परीक्षा, अनुक्रमांक 2293561 को लगाया गया है। जिसमें इनकी जन्मतिथि 12/07/2003 अंकित है। जिसके आधार पर नामांकन के समय इनकी उम्र मात्र 17 वर्ष 9 माह 3 दिन ही थी। जबकि ग्राम प्रधान के लिये कम से कम 21 वर्ष का होना जरुरी है। अंक पत्र के अनुसार तो शिवांगी ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ने को छोड़िये, मत देने की भी अधिकारी (मतदाता के लिये भी कम से कम 18 वर्ष का होना जरुरी है) नहीं थी। बावजूद बीएलओ आदि के द्वारा इनका मतदाता पहचान पत्र भी बनाया गया। लेकिन यहां भी गलती हो गयी और इस पर भी उम्र 21 की जगह 20 वर्ष ही दर्ज हो गयी।

## बीएसए ने दो खंड शिक्षाधिकारियों के वेतन पर लगाया रोक

**बलिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने कार्य में प्रगति नहीं लाए जाने के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी पन्द्रह और खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर बलिया के वेतन को कार्य पूर्ण होने तक रोक लगाते हुए इन्ट्री के कार्य को तत्काल पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया है। शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु यू-डायस पोर्टल पर विद्यालयों, अध्यापकों और छात्र प्रोफाइल डाटा इन्ट्री शत प्रतिशत पूर्ण करने को लेकर बीएसए मनिराम सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारियों के नाम से पत्र जारी किया है। बीएसए ने कहा है कि उक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा 15 फरवरी 2023, 2 मार्च 2023 एवं 13 मार्च 23 में दिये गये निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु यू-डायस के अन्तर्गत डाटा कैप्चर फार्मेट (डीसीएफ) पर शुद्ध एवं विसंगति सहित आंकडे ऑनलाईन भरे जाने हेतु विकासखण्ड व विद्यालय स्तर पर कार्रवाई गतिमान है।

## अंतर्राष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी अन्नया का 36वें फेडरेशन कप चैम्पियनशिप के लिए चयन


**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर गांव की रहने वाली एवं पश्चिम बंगाल में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात अंतरराष्ट्रीय वालीबाल खिलाड़ी अन्नया राय का पांडिचेरी में 21 से 26 अप्रैल तक आयोजित 36वें फेडरेशन कप वालीबाल चैम्पियनशिप के लिए पश्चिम बंगाल की टीम में चयन हुआ है। जिसके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की टीम रवाना हो गई है। आयोजित इस चैम्पियनशिप में? देश के विभिन्न प्रदेशों की टीमों के सैकड़ों खिलाड़ी अपने खेल का दमखम दिखाएगें।

इस चैम्पियनशिप के लिए अनन्या का पश्चिम बंगाल की टीम में चयन की जानकारी होने के बाद परिजनों के गांव व खेल प्रेमियों सहित भारतीय डाक विभाग के अधिकारियों को हुई तो सभी में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी का जश्न जमकर मनाया। अपने चयन पर बातचीत में बोलते हुए अनन्या राय ने बताया कि उसके लिए यह किसी उपलब्धि से कम नहीं है। कहा कि पॉण्डिचेरी में होने वाले इस फेडरेशन कप में वह पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाएगी। बताया कि उसके सफलता का राज नौकरी के दौरा समय निकालकर नियमित अभ्यास के साथ ही कोच का उचित मार्ग निर्देशन व माता पिता का आशिर्वाद है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अनन्या ने बताया कि सफलता अगर दर्ज करनी है, तो खुद में आत्मविश्वास के साथ ही लक्ष्य को पहले से निर्धारित करना पड़ेगा।



# पत्नी के गुजरने के बाद दुधमुंही बच्ची का पोषण कर रहा कमलेश



**तिलक कुमार/बलिया**

♦ मासूम को पेट में बांधकर कमलेश चलाता है ई-रिक्शा

हर दुःख हर दर्द को वो हंस कर झेल जाता है, बच्चों पर मुसीबत आती है तो पिता मौत से भी खेल जाता है। वास्तव में मां के लिए तो दुनिया ने बहुत कुछ लिखा लेकिन आज हम आपको एक पिता की सच्ची कहानी से रूबरू कराएंगे, आंखें आपकी भर आएगी। करीब छह माह पूर्व एक हादसे में पत्नी की मौत के बाद से कमलेश दुधमुंही बच्ची को सीने से बांध कर ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार के भरण पोषण में जुटा है। इस दौरान कमलेश अपनी दिव्यांग मां की देखभाल भी पूरी तन्मयता से करता है। यह उसकी दिनचर्या में शामिल है।

**ट्रेन से गिरकर हुई थी पत्नी की मौत :** दोकटी थाना क्षेत्र के चिरंजी छपरा गांव निवासी कमलेश वर्मा उर्फ लकड़ी उम्र लगभग 40 साल पुत्र स्व. सुरेश वर्मा के बारे में ग्रामीण बताते हैं कि करीब छह माह पहले पत्नी की ट्रेन से गिरने से मौत हो गई थी। पत्नी के साथ छोड़ने के बाद भी कमलेश ने हिम्मत नहीं हारी करीब सवा साल की दुधमुंही बच्ची के पालन-पोषण के साथ ही घर के खर्च का जिम्मा अपने सिर पर उठा लिया। हालांकि भूमिहीन होने के कारण कमलेश के सामने विकल्प भी सीमित थे। लेकिन बुलंद हौसलों से उसने किराया पर ई-रिक्शा लेकर चलाने का निर्णय किया और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है।

**भाड़े का ई-रिक्शा चलाकर पालता है पेट :** बता दें कि कमलेश की तीन शादियां हुई हैं। पहली शादी सहतवार थाना क्षेत्र में हुई थी, जिससे एक लड़का व एक लड़की है। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद के कारण पत्नी बच्चे सहित दिल्ली में रह रही है। दूसरी शादी सावन छपरा में हुई थी। यह विवाह भी ज्यादा दिनों तक नहीं चला और मतांतर होने के कारण संबंध विच्छेद हो गया। तीसरी शादी रेवती से हुई थी, जो पत्नी मंदबुद्धि थी। उसने करीब सवा साल पहले एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची के जन्म के बाद कुछ समय तक सबकुछ ठीक रहा, लेकिन होनी ने यहां भी कमलेश का साथ नहीं छोड़ा और करीब 8 महीने पहले छपरा से इलाज कर लौटने वक्त गौतम स्थान स्टेशन के पास तीसरी पत्नी की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। तब से कमलेश ने भाड़े का एक ई रिक्शा लेकर बच्ची को पेट पर बांधकर चला रहा है, जो आजकल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।